जहरीली शराब कांड पर तमिलनाडु सरकार को घेरने में जुटी भाजपा

नवभारत नेशनल ब्यूरो,नई दिल्ली। तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से अभी तक 53 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके बाद यह मामला अब राजनीतिक रंग लेने लगा है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य की सत्तारूढ़ डीएमके पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय आरोपियों को बचा रही है। बीते 19 जून को जहरीली शराब पीने से राज्य के कल्लाकुरिची के 193 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी।भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य सरकार शराब माफिया को बचा रही है। इस घटना में जितने लोगों की मौत हुई है उनमें से अधिकतर दलित समाज से हैं। राज्य की स्टालिन सरकार को दलितों की परवाह नहीं है। पूनावाला ने इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी हर मुद्दे पर बोलते हैं लेकिन इस मुद्दे पर मौन हैं। उन्हें भी जवाब देना चाहिए। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने में जुट गई है। राज्य की पार्टी इकाई प्रमुख अन्नामलाई ने वहां पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

'प्रोटेम स्पीकर' के मुद्दे पर सरकार, विपक्ष आमने-सामने

प्रोटेम स्पीकर' का सहयोगी बनने से इनकार कर सकता है विपक्ष

नई दिल्ली। ए। अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बीच 'प्रोटेम स्पीकर' (अस्थाई अध्यक्ष) के मुद्दे पर तकरार तेज हो गई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कांग्रेस पर झूठ का सहारा लेने का आरोप लगाया, वहीं विपक्षी दलों ने अध्यक्षों की सूची में शामिल होने से इनकार करने की चेतावनी दी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को लोकसभा का 'प्रोटेम स्पीकर' नियुक्त किया है, जिन्हें निचले सदन के नव-निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने और अध्यक्ष के चुनाव तक कर्तव्य निवर्हन का काम सौंपा गया है। राष्ट्रपति ने लोकसभा के पांच वरिष्ठ सदस्यों -के सुरेश (कांग्रेस), टी आर बालू (द्रविड मुनेत्र कषगम), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (दोनों भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को भी नामित किया था, जो 24 जून से शुरू हो रहे लोकसभा सत्र के पहले तीन दिन में होने वाली प्रक्रिया में महताब की सहायता करेंगे।

सरकार ने प्रक्रियाओं और परंपराओं का उल्लंघन किया: कांग्रेस

कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि सरकार ने प्रक्रियाओं और परंपराओं का उल्लंघन किया है और आठ बार के सांसद सुरेश के 'प्रोटेम स्पीकर' के पद पर दावे की अनदेखी की है, जिसे रीजीजू ने 'भ्रामक' बताकर खारिज कर दिया। विपक्षी दलों के सूत्रों ने शनिवार को कहा कि सुरेश, बालू और बंदोपाध्याय लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने में 'प्रोटेम स्पीकर' महताब की सहायता करने के लिए अध्यक्षों की सूची में शामिल नहीं हो सकते हैं। रीजीजू ने कहा कि महताब को इसलिए चुना गया, क्योंकि निचले सदन के सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल सबसे लंबा है। रीजीजू ने कहा कि सुरेश आठ बार सांसद रहे हैं, लेकिन 1998 और 2004 में वह लोकसभा के सदस्य नहीं थे, इसलिए संसद के निचले सदन में उनका कार्यकाल निरंतर नहीं रहा। सुरेश ने कहा था कि 'प्रोटेम स्पीकर' पद के लिए उनके दावे को नजरअंदाज कर दिया गया, क्योंकि वह दलित समुदाय से हैं।

कांग्रेस ने किया आदिवासी' संसदीय कार्य मंत्री का अपमान

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने 'प्रोटेम स्पीकर' के मुद्दे पर झूठ बोलकर जानबूझकर एक 'आदिवासी' संसदीय कार्य मंत्री का अपमान किया है। पूनावाला ने कहा, 'कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों का अपमान किया है। उन्होंने द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपत्नी कहा और उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया।' रीजीजू ने कहा कि वह संसदीय कार्य मंत्री का पद संभालने वाले पहले आदिवासी हो सकते हैं, लेकिन वह कांग्रेस पार्टी की धमकियों और झूठ से नहीं डरेंगे।

न्यूज डायरी

पवार ने महिलाओं के लिए अधिक अवसरों की वकालत की

पुणे। ए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अधिक अवसर दिए जाने चाहिए क्योंकि 'जिम्मेदारी सिर्फ पुरुषों के लिए आरक्षित नहीं है।' पवार यहां 'यशस्विनी सम्मान समारोह' में बोल रहे थे जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को समाज में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। पवार ने यह भी कहा कि उन्होंने और उनके भाइयों ने जो पुरस्कार जीते हैं, उनका श्रेय मां को जाता है।

अब निरंकुशता पर कुछ हद तक लगाम है : विक्रम सेठ

नई दिल्ली। ए। प्रख्यात लेखक-कवि विक्रम सेठ ने लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि एक महीने पहले की तुलना में 'हम बेहतर स्थिति में हैं' और इससे देश में 'निरंकुशता पर कुछ हद तक लगाम' लगेगी। 'हनुमान चालीसा' के अनुवाद के विमोचन के मौके पर सेठ ने तर्क दिया कि 'काफी हद तक धर्मनिरपेक्ष' नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू चीजों पर उसी तरह नियंत्रण रखेंगे, जिस तरह तत्कालीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में समता पार्टी और जॉर्ज फर्नांडीस ने किया था।

उपचुनाव में प्रचार के लिए जालंधर में मकान लेंगे मान

चंडीगढ़। ए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि वह जालंधर पश्चिम सीट के लिए 10 जुलाई को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव प्रचार के लिए एक मकान किराए पर लेंगे। मान ने कहा कि 'आप' का चुनाव प्रचार अभियान उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर केंद्रित होगा। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी को हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें वह पंजाब की 13 सीट में से केवल तीन पर ही जीत दर्ज कर सकी थी।

तमिलनाडु सरकार राज्य को झोपड़ी मुक्त बनाने एक लाख घर बनवाएगी

चेन्नई। ए। तमिलनाडु सरकार राज्य को झोपड़ी मुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में 'कलैगनारिन कनवु इल्लम' योजना के तहत एक लाख घर निर्मित कराएगी। ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी ने शनिवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन मकानों का निर्माण एक वर्ष में 3,500 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। पेरियासामी ने अपने विभाग के लिए अनुदान की मांग पर बहस को समाप्त करते हुए कहा, 'कलैगनारिन कनवु इल्लम थित्तम?, जिसका नाम बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत एम. करुणानिधि के नाम पर रखा गया है, दिवंगत नेता के कार्यों को आगे बढ़ाएगी।'

दिल्ली जल संकट: उपराज्यपाल सक्सेना से मुलाकात करेंगे आप नेता

नई दिल्ली। ए। आम आदमी पार्टी (आप) का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में गहराते जल संकट का समाधान ढूंढने के लिए रविवार को यहां उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मुलाकात करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में आप के सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

संसद में तीखे संघर्ष का सामना कर सकती है मोदी सरकार

पेपर लीक, अग्निपथ योजना, और मणिपुर पर धारदार हमले की तैयारी में विपक्ष

'इंडिया' गठबंधन शोर मचाने की ताकत के मामले में भी भाजपा को टक्कर देगा मोदी सरकार की तीसरी पारी में बदले हुए हैं राजनीतिक हालात

एजेंसियां। नई दिल्ली।

मोदी सरकार की तीसरी पारी में बदली हुई वास्तविकता उस पुराने सामान्य दौर की वापसी होगी, जब बहुमत वाली सरकारों को भी बेहिसाब बहुचर्चित बगावतों का बराबर सामना करना पड़ता था। जिस नये मंच को लेकर सबसे तीखा संघर्ष होगा वो है 18वीं लोकसभा, जिसकी शुरूआत अगले सप्ताह के अंत में होने जा रही है। एनडीए को सुविधाजनक बहुमत हासिल है इसके बावजूद, एकजुट और नये जोश से भरा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन संख्याबल ही नहीं, शोर मचाने की ताकत के मामले में भी भाजपा की बराबरी करने को तैयार दिखेगा। विपक्ष तीन मसलों (लगातार पेपर लीक, अग्निपथ योजना, और मणिपुर) को लेकर अपनी तलवारों को धार देने में जुटा है। इन तीनों मसलों का संबंध भाजपा के लिए महत्वपूर्ण बड़े मतदाता आधार से जुड़ा है।

केंद्र सरकार के लिए पिछला दशक इस लिहाज से काफी कम चुनौतीपूर्ण रहा। ज्यादातर विरोध सीएए को लेकर हुआ या जेएनयू में उभरा, जिन्हें फौरन दबा दिया गया। केवल किसान आंदोलन ही सफल रहा।

राहुल गांधी ने पेपर लीक के मामलों पर गुरुवार को आयोजित अपने प्रेस कन्फ्रेंस में अग्निपथ योजना का भी जिक्र करके पहली चाल चल दी है। सरकार चुनाव के पहले से ही अग्निपथ योजना की समीक्षा कर रही थी, लेकिन उसे दो मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। एक तो यह कि विपक्ष इस योजना को रद्द किए जाने से कम पर संतुष्ट नहीं होगा। दूसरा, सरकार इसमें बड़े बदलाव के बाद इसे जारी रखती है तब भी विपक्ष यह दावा करेगा कि उसने सरकार को झुका दिया। जिस 17वीं लोकसभा में इस योजना को मोदी सरकार की धमक और झटका देने वाली खासियत के तहत लागू किया गया उसमें कोई दबाव या बदलाव मुमकिन नहीं था। पेपर लीक के मामले में शिक्षा मंत्री ने पहले ही कदम पीछे खींच लिए हैं और सरकार की जिम्मेदारी कबूलते हुए समीक्षा तथा जांच के आदेश दे दिए हैं।

राहुल नेता प्रतिपक्ष बनने राजी हुए तो?

संसद में अगर राहुल गांधी विपक्ष के नेता बनने को राजी हो जाते हैं तब उन्हें प्रमुख पदों पर नियुक्ति के मामलों में प्रधानमंत्री के साथ मिलकर फैसला करने का संवैधानिक अधिकार मिल जाएगा। प्रमुख पद ये हो सकते हैं — सीबीआई निदेशक, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त, मुख्य चुनाव आयुक्त। अब, इस साल के आखिर में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव होंगे; अगले साल जनवरी में दिल्ली में और सितंबर में बिहार के चुनाव होंगे। इन सब पर मोदी के समर्थकों की नजर इस बात पर होगी कि वे नुकसान की कितनी भरपाई कर पाते हैं और प्रतिद्वंद्वियों की नजर इस बात पर होगी कि उनका पतन कितनी तेजी से हो रहा है।

मणिपुर में कांग्रेस की जीत से तस्वीर बदली

मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने में अपनी नाकामी के बावजूद भाजपा का सफर अब तक तो आसान रहा है, लेकिन अब जबकि कांग्रेस ने वहां की दोनों लोकसभा सीट जीत ली है और बीरेन सिंह सरीखे बदनाम मुख्यमंत्री गद्दी पर बने हुए हैं, मोदी सरकार 'नजर से दूर, ध्यान से बाहर' वाला रवैया नहीं जारी रख सकती।

केंद्रीय मंत्री के आवास पर किया प्रदर्शन

हैदराबाद। ए। कांग्रेस की छात्र शाखा एनएसयूआई और वाम समर्थित छात्र संगठनों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के आवास पर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट फिर से आयोजित करने की मांग की। छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के खिलाफ नारेबाजी की लेकिन पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया।

नया परीक्षा कानून लीपापोती का प्रयास : कांग्रेस

नई दिल्ली। ए. कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को अधिसूचित किया जाना लीपापोती का एक प्रयास है। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, 'नीट घोटाले में भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले, धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफिया को बढ़ावा देने की अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। खरगे ने कहा, '13 फरवरी 2024 को इस कानून को राष्ट्रपति जी की संस्तुति मिल गई थी, पर कानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है।' उन्होंने सवाल किया कि शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला? खरगे ने यह प्रश्न भी किया कि जब शिक्षा मंत्री ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी की बात मान ली है तो मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही?

उप्र को हल्के में लेना हमें भारी पड़ा : एक्सिस माई इंडिया

उप्र, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में चूक की बात मानी

नई दिल्ली। ए। 'एक्सिस माई इंडिया' के प्रमुख प्रदीप गुप्ता ने अपने 'एग्जिट पोल' के गलत होने के लिए 'निर्णय की त्रुटि' को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि चुनाव के अंतिम तीन चरणों में उत्तर प्रदेश को हल्के में लेना उन्हें भारी पड़ा।

गुप्ता ने कहा कि ओडिशा के चुनावों में पूर्व के सर्वेक्षणों के गलत साबित होने की वजह से उन्होंने अपने शीर्ष संसाधनों को उत्तर प्रदेश से हटाकर देश के पूर्वी राज्य (ओडिशा) में लगा दिया था। 'एक्सिस माई इंडिया' के 'एग्जिट पोल' ने लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले गठबंधन को 361-400 सीट मिलने का अनुमान जताया था, जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 80 में से 67 सीट पर संभावित जीत शामिल थी, लेकिन वास्तविक चुनाव परिणामों में भाजपा को 240 सीट मिलीं और वह अपने दम पर बहुमत के आंकड़े से चूक गई। इसने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को 131-166 सीट मिलने का अनुमान जताया था। उत्तर प्रदेश भाजपा के लिए सबसे बड़ा उलटफेर वाला राज्य साबित हुआ, जहां उसे सिर्फ 33 सीट मिलीं।

गुप्ता ने बताई चूक की वजह-गुप्ता ने बातचीत में कहा कि 'एक्सिस माई इंडिया' के 'एग्जिट पोल' का अनुमान व्यक्त करने का तरीका गलत नहीं हुआ, बल्कि महत्वपूर्ण राज्यों में संसाधनों की तैनाती गलत हुई। उन्होंने कहा, 'हमारे पास चुनावों का अनुमान व्यक्त करने के लिए एक अचूक पद्धति है... यह हमारी पद्धति नहीं थी, जो गलत हुई।

भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव की रणनीति पर किया मंथन

मुंबई। ए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा के लिए यहां एक बैठक की। सूत्रों ने बताया कि गठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के मुद्दे पर बाद में बात की जाएगी। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।सूत्रों ने बताया कि यह बैठक शुक्रवार रात हुई, जो पांच घंटे तक जारी रही और इसमें चुनाव प्रचार अभियान की योजना बनाने तथा रणनीति को अंतिम रूप देने पर गहन मंथन किया गया। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अक्टूबर में होने की संभावना है।

सी डैक CDAC

Expression of Interest

सी-डैक कोलकाता, प्लॉट- ई 2/1, ब्लॉक- जीपी, सेक्टर- V, सॉल्टलेक इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, बिधाननगर, कोलकाता- 700091, प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण (ToT) के लिए इच्छुक व्यावसायिक समूह/उद्यमियों से इस संबंध में उनके रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) के लिए आमंत्रित करता है.

1. ग्रैनेक्स "GrainEx)" - कृत्रिम बुद्धि (AI) पर आधारित, फसलों की गुणवत्ता के विश्लेषण हेतु एक निपुण यंत्र.
2. सीटी-व्यू "CT-VIEU" - सूखी लाल मिर्च की गुणवत्ता विश्लेषण के लिए कृत्रिम बुद्धि पर आधारित एक संप्रेषित यंत्र द्वारा जांच की व्यवस्था.
3. राइज-सेन्स "RIGE-Sense" - यंत्र द्वारा चावल की आयु का अनुमान के लिए जांच का यंत्र.

इस संबंध में जानकारी के लिए www.cdac.in का व्यवहार करें. यदि कोई प्रश्न हो तो, कृपया मोब सं. 9830560405 पर संपर्क करें. **EOI जमा करने की अंतिम तिथि : 31.07.2024 है.**

CBC 06147/12/0003/2425

kotak

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री के लिये आम सूचना

पंजीकृत कार्यालय 27BKC, C 27, G- ब्लाक, बान्द्रा कुर्ला काम्प्लेक्स, बान्द्रा (ई) मुम्बई- 400051.
कार्पोरेट आफिस : कोटक इनफिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नं.-21, इनफिनिटी पार्क, off. W.E. हाईवे, गौरेगांव, मुम्बई-400097.
ब्रांच/क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, मुक्ता प्रयाग काम्प्लेक्स, निरंकारी फर्नीचर के पीछे, पंडरी, रायपुर-492001 छ.ग.

एतद्वारा आम लोगों को तथा विशेष रूप से कर्जदार/ सहकर्जदार/ गारंटर/ गिरवीकर्ता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के पास गिरवी रखी गई नीचे विवरणित अचल संपत्ति जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिन्द्रा बैंक लिमि. के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा 09.04.2024 को लिया है तथा इसे ''जहां है, जैसा है'', ''जैसा है, जो है'' तथा ''जो है, वहां है'' के आधार पर बिक्री किये जाएंगे, हमारे ई-नीलामी सर्विस पार्टनर, मे. C-1 इंडिया प्रा.लिमि. के वेब पोर्टल यानि www.c1india.com के जरिये, अचल संपत्ति, जिसका विवरण नीचे दिये गये हैं, की बिक्री के लिये, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा आनलाइन जमा करने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं :

कर्जदार(रों)/गारंटर(र्स) /गिरवीकर्ता(ओं) का नाम	डिमांड नोटिस तिथि एवं राशि	अचल संपत्तियों का विवरण	रिजर्व प्राइस	प्रतिभूति राशि जमा (EMD)	अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि
लोन एकाउंट नं. LAP 17885970, 7712005125, 0132TL0100000103, 0132CL0100000035 तथा 0132TL0100000085 CRN No. 277252062 1. मे. लक्ष्मी सेल्स, द्वारा इसके समस्त पार्टनर्स, 2. श्रीमती अंजू अग्रवाल, 3. श्रीमती ललिता अग्रवाल, 4. मि. अनुराग अग्रवाल (भाई), 5. मि. आनंद अग्रवाल, सभी का पता : ईश्वर सॉ मिल के सामने, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर (छ.ग.) 492001, 6. मे. सागर फ्यूल्स, द्वारा इसके प्रोप्राइटर श्रीमती ललिता अग्रवाल, पताः साशोली टिड, छत्तीसगढ़-493114.	डिमांड नोटिस तिथि 21.09.2022 रु. 4,21,70,004.88/- (रुपये चार करोड़ इक्कीस लाख सत्तर हजार चार एवं अठ्ठासी पैसे मात्र), दिनांक 13 सितंबर 2022 की तिथि को.	1. प्लाट ख.नं. 18/239/7/1 व 239/7/2 में स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा तथा पार्सल, खाता नं. 1267 (पार्ट-1), P.H. 48 (एरिया 4344 वर्गफीट) R.N.M. रायपुर-5, वार्ड नं. 22, राजीव गांधी वार्ड मौजा ग्राम-फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. 492001 तथा मि. आनंद मोहन अग्रवाल के स्वामित्व में, 2. प्लाट खसरा नं. 18/239/7/1 व 239/7/2 में स्थित संपत्ति का सभी हिस्सा तथा पार्सल, खाता नं. 1267 (पार्ट-1), P.H. 48 (एरिया 7480 वर्गफीट) R.N.M. रायपुर-5, वार्ड नं. 22, राजीव गांधी वार्ड मौजा ग्राम-फाफाडीह, रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. 492001 तथा मि. आनंद मोहन अग्रवाल के स्वामित्व में, 3. मौजा- फाफाडीह, राजीव गांधी वार्ड नं. 22, डाइवर्टेड प्लाट खाता नं. 1267, पार्ट-1, शीट नं. 18, ख.नं. 239, प्लाट नं. 7/1 व 7/2, P.H. No. 48 (एरिया 2222 वर्गफीट) R.N.M. रायपुर-05, तह. व जिला-रायपुर छ.ग. 492001 तथा आनंद मोहन अग्रवाल के स्वामित्व में, ऊपर उल्लेखित समस्त संपत्तियों का सामान्य आहाता : उत्तर- रास्ता, दक्षिण- स्टेट बैंक कालोनी, पूर्व- दानदाता की संपत्ति, पश्चिम- दानदाता की संपत्ति.	रु. 16,68,20,860/- (रुपये सोलह करोड़ अड़सठ लाख बीस हजार आठ सौ साठ मात्र)	रु. 1,66,82,086/- (रुपये एक करोड़ छैंसठ लाख बियासी हजार छियासी मात्र)	18.07.2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक नीलामी की तिथि/ समय 30.07.2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक.

बिड इंक्रीस राशि- 10,00,000/- प्रस्ताव/ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 29.07.2024, शाम 5.00 बजे तक

बिक्री की महत्वपूर्ण नियम व शर्तें:-

(1) नीलामी बिड कागजात के आगे की नियम एवं शर्तों के अनुसार तथा इस पर निहित प्रक्रिया के अनुसार होगी. बिड कागजातों, ई-नीलामी के लिये रखी गई सेक्यूर्ड संपत्ति तथा बिड प्रपत्र, जिसे आन लाइन जमा किये जायेंगे, के लिये बिडर्स हमारे ई- नीलामी सेवा प्रदायदाता मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. की बेवसाइट यानि https://www.bankeauctions.com के जरिये जाएं, (2) समस्त इच्छुक खरीददारों/ बिडर्स को उपर उल्लेखित वेबपोर्टल यानि https://www.bankeauctions.com पर अपने नाम का पंजीयन करना आवश्यक है तथा उपर उल्लेखित तिथि एवं समय पर ई- नीलामी में भाग लेने के लिये निःशुल्क स्वयं का युजर आईडी तथा पासवर्ड बनाना आवश्यक है. (3) किसी भी तरह के पूछताछ जानकारी, सपोर्ट प्रक्रिया तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिये भावी बिडर्स मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि., हमारे ई- नीलामी सर्विस पार्टनर मिथेश कुमार के विभाग से, मोबाइल नं. 7080804466 व ई-मेल आईडी mpcg@c1india.com व support@bankeauctions.com पर संपर्क कर सकते हैं, (4) प्राधिकृत अधिकारी के बेहतर जानकारी व ज्ञान के अनुसार संपत्ति/यों पर कोई भी अधिभार नहीं हैं. फिर भी, इच्छुक बिडर्स, उपर उल्लेखित अनुसार या कोई अन्य तिथि व समय पूर्व नियुक्ति लेकर संपत्ति एवं इसके दस्तावेजों की जांच कर सकते हैं तथा उन्हें अपने बिड जमा करने से पहले, ई-नीलामी पर रखी गई संपत्ति का अधिभार, संपत्ति/यों का टाइटिल तथा संपत्ति को प्रभावित करने के दावे/अधिकार/देयकों के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेना चाहिए. ई-नीलामी का विज्ञापन, केएमबीएल (KMBL) के कोई भी प्रतिबद्धता या कोई भी प्रतिनिधित्व को नहीं दर्शाता/संपत्ति को समस्त मौजूदा तथा आगे के अधिभारों के साथ चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात हो, बिक्री किये जा रहे हैं. प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर कोई भी तीसरी पार्टी के दावों/अधिकारों/देयकों के लिये, किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये इच्छुक खरीदारों/बिडर्स को वेबपोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर '**कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड**' के पक्ष में आहरित डिमांड ड्राफ्ट जो इंदौर में देय हो के द्वारा उपर उल्लेखित अनुसार सेक्यूर्ड संपत्ति का ब्याज रहित वापसी योग्य प्रतिभूति राशि जमा (EMD) के भुगतान का विवरण, पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास के पता का साक्ष्य कंपनी की स्थिति में बोर्ड रिजाल्यूशंस तथा उपरोक्त निर्दिष्ट अनुसार पते के साक्ष्य की स्व प्रमाणित प्रतिलिपियों के साथ जमा/अपलोड करना होगा. (5) अन्य सभी बिडर्स जो ई-नीलामी में सफल नहीं होंगे उनकी ईएमडी राशि को KMBL के द्वारा ई-नीलामी के बंद होने के 72 कार्य घंटे के भीतर वापस कर दिये जाएंगे. ईएमडी पर ब्याज नहीं दिये जाएंगे, (6) सफल खरीददार/बिडर के द्वारा क्रय राशि की शेष राशि को, प्राधिकृत अधिकारी/ सेक्यूर्ड क्रेडिटर द्वारा उक्त सेक्यूर्ड संपत्ति के ''बिक्री की पुष्टि'' की तिथि से पन्द्रह (15) दिन या इसके पूर्व या प्राधिकृत अधिकारी के स्वयं के निर्णय पर लिखित में सहमति के अनुसार ऐसे किसी विस्तारित अवधि में भुगतान करना होगा. चूक होने की स्थिति में, तब तक जमा किये गए समस्त राशि जब्त कर ली जाएगी. (7) यह कि कर्जदारों/सहकर्जदारों/पार्टनर्स/गिरवीकर्ताओं ने SA नं. 923/23 के तहत माननीय DRT जबलपुर SA के समक्ष, प्रतिभूतिकरण आवेदन फाइल किये हैं जिसका निपटान होना है. (8) सफल बिडर को पैन नं. ACPPA2938Q पर TDS के रुप में बिक्री मूल्य का 1% भुगतान करना होगा. (बिक्री से प्राप्त आय) तथा प्राधिकृत अधिकारी को TDS प्रमाण पत्र जमा करना होगा तथा बिक्री मूल्य के संपूर्ण राशि को (1% TDS कटौती के बाद) EMD को समायोजन करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 दिनों भीतर या कोई अन्य विस्तारित समय के भीतर, जो प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उचित समझे जमा करना होगा अन्यथा प्रतिभूति राशि जब्त हो जाएगी.

कर्जदार(रों)/गिरवीकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को SARFAESI अधिनियम के नियम 6 (2), 8 (6) व 9 (1) के तहत एतद्वारा 15 दिन पूर्व वैधानिक नोटिस दी जाती है कि उपरोक्त उल्लेखित अनुसार बकाया राशि का, तिथि तक ब्याज तथा खर्चों सहित, इस नोटिस की तिथि से तीस दिनों के भीतर भुगतान करके अपने दायित्व से मुक्त हो जाएं अन्यथा सेक्यूर्ड संपत्ति की बिक्री ऊपर उल्लेखित नियमों तथा शर्तों के अनुसार कर दी जाएगी. यदि अंग्रेजी तथा स्थानीय भाषा के अखबार के बीच विक्रय सूचना के प्रकाशन में यदि कोई अंतर होता है तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी अखबार, स्थानीय भाषा के अखबार का स्थान ले लेगा तथा इसे ही अंतिम प्रति (final copy) माना जाएगा, इस प्रकार अस्पष्टता दूर हो जाएगी. यदि कर्जदार/गारंटर्स/गिरवीकर्ता बिक्री तिथि से पहले बैंक को पूरी बकाया राशि का भुगतान कर देते हैं तो नीलामी रोकी जा सकती है.

बिक्री की विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिये प्राधिकृत अधिकारी रवि द्विवेदी @ + 919764443818 तथा मि. अशोक मोटवानी @ 9873737351 पर बैंक के उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रीय कार्यालय में संपर्क करें.

विशेष अनुदेशः ई-नीलामी हमारे सर्विस प्रोवाइडर, मे. C1 इंडिया प्रा. लिमि. के द्वारा, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) के तरफ से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि को होगी, जबकि बिडर्स, रिजर्व प्राइस के ऊपर अपने पसंद के अनुसार, अपने स्वयं के घर/कार्यालयों/ अपने बिड के स्थान से कोट करेंगे. इंटरनेट कनेक्टिविटीतथा अन्य साज समान की जरुरतों को स्वयं बिडर्स को सुनिश्चित करना होगा. कृपया ध्यान रहे, कि इंटरनेट कनेक्टिविटी में असफलता (किसी भी कारण से, चाहे जो भी वजह हो) बिडर्स की स्वयं की जिम्मेदारी होगी तथा न तो KMBL न ही C1 इंडिया प्रा. लिमि. इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिये जिम्मेदार होगा. ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिये, बिडर्स से अनुरोध है कि वे आवश्यक प्रबंध/विकल्प की व्यवस्था जो भी जरुरत हो, कर लेवें जिससे कि इस तरह की परिस्थिति से बचा जा सके तथा ई- नीलामी में सफलतापूर्वक भाग लिया जा सके. अतएव बिडर्स से अनुरोध है कि वे ऐसी विषम परिस्थिति से बचने के लिये अपने बिड कोट करने/इम्प्रुव्ह करने के लिये अंतिम समय की प्रतीक्षा न करें.

स्थान : रायपुर, छत्तीसगढ़ दिनांक : 23.06.2024 हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

राहुल ने राजकोट गेम जोन के पीड़ितों के परिजनों से बात की

हादसे में चार बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई थी

राजकोट। ए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले महीने गुजरात के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी आग की घटना के कुछ पीड़ितों के परिजनों से शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत की और कहा कि पार्टी उनके साथ है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजकोट शहर के नाना-मावा इलाके में 25 मई को गेम जोन में लगी भीषण आग में चार बच्चों समेत 27 लोगों की मौत हो गई थी।इस वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद कांग्रेस ने 25 जून को राजकोट बंद का आह्वान किया। दरअसल, इस दिन घटना को एक महीना पूरा हो जाएगा। कांग्रेस पीड़ितों के परिजनों को अधिक मुआवजा देने के साथ अन्य मांगों के लिए भाजपा पर दवाब बना रही है।

शिवराज के पुत्र ने कहा, पूरी दिल्ली पिता के सामने नतमस्तक

भोपाल। ए। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद पूरी दिल्ली उनके पि